## दूध पाउडर चोरी का खुलासा

**नोखा,** पुलिस ने राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल मेघवालों की ढाणी मैयासर में हुई पोषाहार दूध पाउडर चोरी की वारदात का सोमवार शाम को खुलासा किया है। इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

यह चोरी 22 नवंबर 2025 की रात को हुई थी। चोरों ने स्कूल के स्टोर रूम के ताले तोड़कर वहां से पोषाहार दूध पाउडर के 43 कार्टून (कुल 215 पैकेट) चुरा लिए थे।

स्कूल के प्रधानाध्यापक रामचंद्र ने इस संबंध में पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसके बाद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए बीकानेर पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई। टीम को त्वरित अनुसंधान के निर्देश दिए गए। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास पूछताछ की और पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें महेंद्र (28), पुत्र मदनलाल मेघवाल; कैलाश (28), पुत्र नरसीराम नायक; श्यामसुंदर (18), पुत्र बाबूलाल नायक; पवन कुमार (21), पुत्र लेखराम मेघवाल (सभी निवासी हिम्मटसर, नोखा, बीकानेर) और दिनेश (18), पुत्र लिछमणराम नायक, निवासी काकड़ा, जसरासर, बीकानेर शामिल हैं। आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है और चोरी किए गए दूध पाउडर की बरामदगी के प्रयास जारी हैं।

# बीकानेर चिल्ड्रन फेस्टिवल- ''आजू गूजा'' के पोस्टर का विमोचन

**बीकानेर,** । बीकानेर चिल्ड्रन फेस्टिवल-आजू गूजा'' के पोस्टर का विमोचन मंगलवार को जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने कलेक्ट्रेट सभागार में किया। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर मयंक मनीष, एसडीएम बीकानेर आईएएस महिमा कसाना, कोषाधिकारी धीरज जोशी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। विदित है कि ' बीकानेर चिल्ड्रन फेस्टिवल-आजू गूजा'' जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि का नवाचार है। जिला कलेक्टर ने पिछले साल ही इस फेस्टिवल की शुरुआत करते हुए इसका पहला आयोजन रेलवे ग्राऊंड पर करवाया था। अब दूसरी बार यह फेस्टिवल जिला मुख्यालय पर जिला प्रशासन, नगर निगम, बीकानेर विकास प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में डॉ करणी सिंह स्टेडियम में आयोजित होने जा रहा है। जिला कलेक्टर श्रीमती वृष्णि ने बताया कि इस बार चिल्ड्रन फेस्टिवल का आयोजन डॉ.करणी सिंह स्टेडियम में 16 से 18 जनवरी तक किया जाएगा। फेस्टिवल का समय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक रखा गया है। 3 से 14 साल तक के बच्चे इस फेस्टिवल में हिस्सा ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि बच्चों के

- **सुबह 10 से शाम 5 बजे तक 3 से 14 साल तक के बच्चे ले सकेंगे हिस्सा**

परिजन बच्चों के साथ आ सकेंगे। केवल परिजनों का मेले में प्रवेश वर्जित रहेगा।

जिला कलेक्टर ने बताया कि इस अनूठे फेस्टिवल में बच्चों के लिए देश भर से थिएटर, चित्रकला, माइम, पॉटरी मेकिंग, ऑरिगेमी, मैजिक शो, जायंट पपेट, म्यूजिक एवं नृत्य के अलावा बड़ी संख्या कलाकार बीकानेर आएंगे। उन्होंने बताया कि इस बार आजू-गूजा का खास आकर्षण धारावी से 18 बच्चों की थियेटर क्रांति रहेगी। इसमें मुंबई के धारावी स्लम से 18 होनहार बच्चे आ रहे हैं, जो यहां पर रैपिंग, ग्रैफिटी, म्यूजिक और थिएटर के माध्यम से संघर्ष से सफलता की कहानी मंच पर साकार करेंगे।

आसान भाषा में होगा।

श्रीमती वृष्णि ने बताया कि फेस्टिवल में इस बार कम्युनिटी गेम्स रखे जाएंगे। यह पुणे से आ रहे गेम विशेषज्ञ मनीष फ्रीमैन के साथ होगा। इसमें बच्चों, माता-पिता और परिवार सबके लिए फन, टीम-बिल्डिंग और कम्युनिटी गेम्स आयोजित होंगे। फेस्टिवल में पहली बार पतंगबाजी का जुनून देखने को मिलेगा। इसमें आसमान में 60 मीटर लंबी पतंग के साथ ही 20-25 यूनिक, जाइंट पतंगें भी बच्चों को लुभाएगी। फेस्टिवल में जोधपुर से आ रहे 10 साल के ड्रमर की प्रस्तुति होगी। जिला कलेक्टर ने बताया कि फेस्टिवल की पूरी सजावट की थीम बच्चों के मनोरंजन और उनकी रचनात्मकता को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन की गई है।

इसमें लाइव एरोप्लेन फ्लाइंग और साइंस एक्सपीरियंस एरोप्लेन डेमो होगा। इसमें बच्चों को एरोनॉटिक्स, रोबोटिक्स, मैकेनिक्स, केमिस्ट्री, विज्ञान से अवगत कराया जाएगा, जो किताबों से निकलकर उड़ान भर सके।

श्रीमती वृष्णि ने बताया कि इस बार बच्चों के लिए खासतौर पर भारत के चार्ली चैपलिन कहे जाने वाले कुणाल मोटलिंग को मुम्बई से बुलाया गया है। जो बिना शब्दों के ही अपनी भावनाओं को साक्षात करेंगे। फेस्टिवल में बीकानेर में पहली बार दिल्ली से आ रही 15 से 17 फीट ऊंची विशेष जायंट पपेट होगी। जो पूरे मैदान में घूमेगी और दूर से ही अपनी ओर सभी का ध्यान खींचेगी।

## फिर वही दिल लाया हूं 16 को

**बीकानेर,** 13 जनवरी अमन कला केंद्र द्वारा 16 जनवरी को टाउन हॉल में शाम 6:30 बजे हिंदी सिनेमा के जाने-माने संगीतकार ओ पी नय्यर व खय्याम के जन्म दिवस जयंती व संगीतकार व साउंड किंग सरदार मोहकम सिंह की स्मृति में कार्यक्रम फिर वही दिल लाया हूं आयोजित किया जाएगा संस्था के अध्यक्ष एम रफीक कादरी ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एन डी रंगा अध्यक्ष सखा संगम होंगे अध्यक्षता अहमद हारून कादरी डी एफ ओ वन विभाग करेंगे विशिष्ट अतिथि डॉ प्रवीण चतुर्वेदी एम आर मुगल डॉ दिनेश शर्मा डॉ भूपेंद्र तिवाड़ी डॉ सीताराम गोठवाल चेतन प्रकाश सोनी लिम्का अवार्ड विजेता डॉ राकेश रावत कुकरेजा मो सदीक चौहान समुद्र सिंह राठौड़ होंगे ।

## 40 हजार किलो से ज्यादा मिलावटी खाद्य पदार्थ जब्त

**बीकानेर** । अगर यह कार्रवाई समय पर नहीं होती, तो हजारों लोगों की थाली में जहर परोसा जा सकता था। जिले में चल रहे शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के तहत बीकानेर में खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 37,855 किलोग्राम संदिग्ध खाद्य सामग्री सीज की और 2,100 किलोग्राम से अधिक दूषित दालें मौके पर ही नष्ट करवाईं। यह कार्रवाई बीच बीछवाल और करणी औद्योगिक क्षेत्र की छह फर्मों पर की गई। सीएमएचओ डॉ. पुखराज साध ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मैसर्स बासुकीनाथ उद्योग, एमएम उद्योग, एसके एंटरप्राइजेज, अनिल एजेंसी, बाबू फूड्स और केएस फूड्स में निरीक्षण कर मटर दाल, मोठ दाल, मोगर दाल, तेल, चावल, रोस्टेड चना और रसगुल्ले के कुल सात नमूने लिए। इनमें से 600 किलो पुरानी और दूषित मोठ दाल तथा 1500 किलो मोगर दाल को स्वास्थ्य के लिए खतरनाक मानते हुए नष्ट कर दिया गया।

बाकी सामग्री को जांच रिपोर्ट आने तक सीज कर दिया गया है। खाद्य विशेषज्ञों के अनुसार, लंबे समय तक खराब, नमी लगी या फंगस युक्त दालें खाने से लीवर डैमेज, पेट के संक्रमण, एलर्जी, यहां तक कि कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

## सार-समाचार

### रामपुरा में 16 जनवरी को होगा हिंदू सम्मेलन

**बीकानेर,** यहा 16 जनवरी को मोनी अमावस्या के अवसर पर रामपुरा बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में गली नंबर दो के न्यू रामा भवन में बस्ती के गणमान्य व्यक्तियों की बैठक हुई, जिसमें सम्मेलन की आयोजन समिति का गठन किया गया। समिति में संरक्षक प्रेम रतन व मदन, अध्यक्ष गिरधारी, संयोजक सहीराम, सह-संयोजक विक्रम सहित अन्य पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई। समिति ने सम्मेलन में सभी बस्तीवासियों और आसपास के लोगों को शामिल होने का आव्हान किया है। समिति ने बताया कि सम्मेलन में धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर चर्चा के साथ एकता और भाईचारे का संदेश दिया जाएगा।

### अस्पतालों का औचक निरीक्षण

**बीकानेर,** । खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीकानेर डॉ सुनील जैन एवं खण्ड कार्यक्रम अधिकारी ऋषि कल्ला द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरसिंहसर, पीएचसी पलाना तथा उप स्वास्थ्य केंद्र उदयरामसर का औचक निरीक्षण किया गया। दल द्वारा साफ सफाई व्यवस्था, संसाधनों की उपलब्धता, निशुल्क दवा योजना, निशुल्क जांच योजना, गैर संक्रामक रोग नियंत्रण कार्यक्रम, टीबी मुक्त भारत अभियान, मातृ शिशु स्वास्थ्य टीकाकरण, एचपीवी वैक्सीनेशन सहित राज्य सरकार के महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं के धरातल पर क्रियान्विति की समीक्षा की गई। आयुष्मान आरोग्य मंदिर उदयरामसर में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी स्वैच्छा से अनुपस्थित पाई गई तथा एएनएम द्वारा सरकारी योजनाओ की जानकारी का अभाव पाया गया । प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पलाना में 12 कर्मचारी में से केवल चार कार्मिक उपस्थित पाये गये। अनुपस्थित रहे कार्मिको को नोटिस तामील करवा दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरसिंहसर में सफाई ठेकेदार द्वारा मात्र एक कर्मचारी से काम लिया जा रहा था। सफाई व्यवस्था पर खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा नाराजगी जाहिर की गई तथा संबंधित ठेकेदार के विरूद्ध नियमानुसार पैनल्टी की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए।

### पतंग प्रतियोगिता का आयोजन

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर आसमान में रंग बिखेरने और पारंपरिक कला को बढ़ावा देने के लिए फतेहपुर के मण्डावा रोड़ स्थित श्री लक्ष्मीनाथ नन्दीशाला के पास एक भव्य पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। भाजपा नेता और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मधु सुदन भिंडा ने बताया कि इस प्रतियोगिता की खास बात यह है कि इसमें प्रतिभागियों को चाइनीज मांझे का उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। भिंडा का कहना है कि यह नियम देशी कला को बढ़ावा देने और पारंपरिक, पर्यावरण-अनुकूल मांझे के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए रखा गया है। यह कदम पक्षियों की सुरक्षा और भारतीय परंपराओं के संरक्षण के प्रति भी जागरूकता का संदेश देता है।इस अद्भुत प्रतियोगिता का हिस्सा बनकर उत्साही पतंगबाज अपनी कलात्मक कौशल और उड़ान का प्रदर्शन कर सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक लोग निर्धारित स्थान पर समय से पहुंचकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

### बैडमिंटन लीग के पोस्टर का विमोचन

**बीकानेर,** । मास्टर आजाद फाउण्डेशन द्वारा 17 और 18 जनवरी को जवाहर नगर स्थित एलएम स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में जिला स्तरीय बैडमिंटन लीग आयोजित की जाएगी। मंगलवार को जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ. हरिशंकर आचार्य ने इसके पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि बीकानेर में खेलों की समृद्ध परम्परा है। ऐसे आयोजनों से नए खिलाड़ियों को अवसर प्राप्त होंगे। आयोजन प्रभारी वरुण आचार्य ने बताया कि प्रतियोगिता विभिन्न वर्गों में खेली जाएगी। इसके लिए 16 जनवरी तक कॉम्प्लेक्स में पंजीकरण करवाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि फाउण्डेशन द्वारा आगामी दिनों में क्रिकेट सहित अन्य खेलों की स्वर्धाएं भी आयोजित की जाएंगी। इस दौरान अनिकेत बिस्सा और युवराज व्यास भी मौजूद रहे।

## पोस्टर का किया विमोचन

सीकर, (कासं)। 25 जनवरी को होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर कटराथल के भढाढर मंडल की बैठक ठाकुरजी के मंदिर में हुई। विजयपाल चिराणियां ने बताया कि बैठक में मंदिर के पुजारी गौरीशंकर लाटा व बाबा रामदेव जी मंदिर के पुजारी मनीराम देवठिया के सानिध्य में हिंदू सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन कर आयोजन समिति का गठन किया गया।उन्होंने बताया कि आयोजन समिति में अध्यक्ष मंगलचंद मुवाल, उपाध्यक्ष रविंद्र फेनिन, उमराव सिंह शेखावत व विजेंद्र सिंह सरपंच, सचिव महिपाल भेरी, मुरारीलाल शर्मा, ओमप्रकाश गोदारा, श्रीपाल खीचड़, देवीदत्त जांगिड़, कोषाध्यक्ष मनोज जैन व मुकेश लाटा को मनोनित किया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में संदीप सेवदा, महेश सेवदा, मनोज शर्मा, भागीरथ कुमावत, अभिषेक दाधीच, केशर ढाका, कमलेश बरवड़, खीवाराम देवठिया, सुखदेव सैनी, बाबूलाल सैन, ईश्वर सैनी को बनाया गया। उन्होंने बताया कि हिंदू सम्मेलन में सबलपुरा, भैरूपुरा, झींगर छोटी व झीगर बड़ी, रसीदपुरा, भूकर का बास, सांवलोदा, मेलासी व भढ़ाढर सहित कई गांवों के ग्रामवासी शामिल होंगे।

# पर्ची पर अंकित होगा गेहूं का वजन

**श्रीगंगानगर,** गरीबों के हक के गेहूं की गड़बड़ी को रोकने के लिए सरकार और भी सख्त हो गई है। सरकारी राशन

- **सरकारी राशन व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए किए जा रहे बड़ा बदलाव के तहत खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग सभी पोस मशीनों को ब्लूटूथ के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक तराजू से जोड़ेगा। इसके बाद राशन उपभोक्ताओं को राशन लेने के बाद पर्ची (रसीद) मिलेगी। पोस मशीन से निकलने वाली पर्ची पर तराजू/कांटे पर तोले गए वजन की जानकारी होगी।**

व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए किए जा रहे बड़ा बदलाव के तहत खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग सभी पोस मशीनों को ब्लूटूथ के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक तराजू से जोड़ेगा। इसके बाद राशन उपभोक्ताओं को राशन लेने के बाद पर्ची (रसीद) मिलेगी। पोस मशीन से निकलने वाली पर्ची पर तराजू/कांटे पर तोले गए वजन की जानकारी होगी।

इसके लागू होने के बाद गड़बड़ी करने वाले 10-20 ग्राम गेहूं की भी हेराफेरी नहीं कर सकेंगे। विभाग की ओर से यह व्यवस्था पूरे प्रदेश में फरवरी में होने वाले गेहूं वितरण से लागू करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए विभागीय मुख्य सचिव ने वेंडर को सभी पोस मशानों को अपडेट करने के आदेश दिए हैं। जिला रसद अधिकारी कविता सियाग के अनुसार जिले में 762 व श्रीगंगानगर शहर में 95 उचित मूल्य दुकानदारों की पोस मशीन व कांटे ब्लूटूथ से जोड़े जाएंगे। इसके लिए वेंडर की टीम आने का इंतजार है। इसका सीधा फायदा उपभोक्ता को होगा।

उचित मूल्य दुकानदार कम गेंहू तोलकर नहीं दे सकेंगे। वहीं, कांटे पर अधिक वजन होगा तो भी पोस मशीन से पर्ची नहीं निकलेगी।

## पदाधिकारियों का स्वागत

बीकानेर । महिला कांग्रेस की अध्यक्ष शशि कला राठौड़ के नेतृत्व में महिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। अध्यक्ष शशिकला राठौड़ ने बताया कि उपाध्यक्ष पद पर लक्ष्मी गुप्ता, कृष्णा व्यास, अकिला परवीन, शकीला बानो, कांता कंवर, पुष्पा देवी सेठिया, रोशन बानो, जुल्लू खान, सुखी जाखड़, अर्चना सुथार, सीता रामावत, देवेन्द्र कौर, सकीना खान, शमा कादरी नियुक्त किया गया है। महासचिव पद पर सुनीता भाटी, सरोज कंवर तथा सचिव पद पर रुक्मिणी नायक, कंचन भाटी, सीता सुथार, सलीना खान, रहमत बानो, अनिशा बानो को नियुक्त किया गया है।

इसी तरह आनन्दी तंवर, खुश्बू पड़िहार, शबनम समेजा, आलम बानो, विमला तंवर, पुष्पा कंवर, नर्बदा देवी को सदस्य तथा प्रेमलता राठौड़ को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। चार ब्लॉक अध्यक्षों में मुमताज बानो, मंजू गोस्वामी, अफसाना पठान तथा खुर्शिदा बानो को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री गोविंदराम मेघवाल, देहात कांग्रेस के अध्यक्ष बिशनाराम सियाग, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मदनगोपाल मेघवाल, कांग्रेस नेत्री प्रीति मेघवाल, पूर्व उप महापौर शकीला बानो का शामिल किया है।

# बालिका छात्रावास का किया निरीक्षण

**बीकानेर,** 13 जनवरी सी एम मूंधड़ा फाऊंडेशन के मुख्य ट्रस्टी कन्हैयालाल मूंधड़ा एवं श्रीकिशन मूंधड़ा ने ट्रस्ट द्वारा बालिका शिक्षा को बढावा देने के उद्देश्य से राजकीय नेत्रहीन छात्रावासित उच्च माध्यमिक विद्यालय पटेल नगर में निर्माणाधीन बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया ‌। निरीक्षण के दौरान भामाशाह कन्हैयालाल मूंधड़ा ने बताया कि बनने वाला छात्रावास पूर्णतया दिव्यांग बालिकाओं के अनुरूप हो इसके निर्माण तथा स्वरुप में किसी भी प्रकार की कौताही ना बरती जाए। ये दिव्यांग बालिकाएं हमारे देश का भविष्य है और उन्हें भी समाज की मुख्य धारा में रहकर पढने तथा आगे बढ़ने का अधिकार है और मूंधड़ा फाऊंडेशन पूरा प्रयास करेगा कि ये बालिकाएं सर्वसुविधायुक्त छात्रावास में पढ़ लिखकर अपना व अपने परिवार का नाम रोशन करे ‌। सी एम मूंधड़ा चेरिटेबल ट्रस्ट बीकानेर अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया ने बताया कि शाला प्रबंधन द्वारा ट्रस्ट को अवगत करवाया गया कि छात्रावास के आभाव में आसपास के गाँवों की

- **छात्रावास पूर्णतया दिव्यांग बालिकाओं के अनुरूप हो इसके निर्माण तथा स्वरुप में किसी भी प्रकार की कौताही ना बरती जाए**

बच्चियां यहाँ निरंतर शिक्षा के लिए आ नहीं पा रही है जिस पर ट्रस्ट द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 10 कमरों के छात्रावास बनाने की घोषणा कर दी और वर्तमान में निर्माण कार्य जारी है और शीघ्र ही जुलाई माह तक इसका निर्माण भी पूर्ण कर लिया जाएगा । भामाशाह मूंधड़ा के विद्यालय में प्रवेश पर दिव्यांग बालिकाओं ने कन्हैयालाल मूंधड़ा व श्रीकिशन मूंधड़ा का गुलाब भेंट कर स्वागत किया और दिव्यांग बालक एवं बालिकाओं ने भजनों की प्रस्तुति देकर सब का मन मोहा । इस अवसर पर श्रीकिशन मूंधड़ा, अनंतवीर जैन, बाबूलाल सांखला आदि मौजूद थे।

## खातेदारी भूमि से हटाया अतिक्रमण

**पाटन** , (निसं)। निकटवर्ती बोपिया गांव में बीते 10 वर्षों से खातेदारी भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को आज स्थानीय प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए हटा दिया। पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में की गई इस कार्रवाई के बाद भूमि को उसके वास्तविक खातेदारों को सुपुर्द किया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार बोपिया गांव के खसरा नंबर 911 की 21 एयर खातेदारी भूमि पर लीलाराम, हजारी, गुरदयाल, मातादीन एवं जोराराम द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया था। इस संबंध में रणजीत पुत्र गोदाराम एवं राधेश्याम पुत्र झाबरमल द्वारा प्रशासन को शिकायत दी गई थी।शिकायत की जांच के पश्चात तहसीलदार सुभाष चंद्र कुल्हरी के नेतृत्व में गिरदावर पवन कुमार स्वामी, पटवारी संजीव कुमार मीणा तथा पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचे। प्रशासनिक टीम ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए वर्षों पुराने अतिक्रमण को हटाया और भूमि को वैध खातेदारों को सौंप दिया। अतिक्रमण हटाने के दौरान उपस्थित सैकड़ों ठाामीणों ने प्रशासन की इस कार्रवाई की प्रशंसा की है।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 06.02.2026 को 15:30 बजे तक निम्नानुसार खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:- क्रमांकः 1; **निविदा सं.** SNT-GS-BKN-2025-26-07; **कार्य का नाम व स्थानः** बीकानेर मंडल के 38 स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म शेल्टर के विस्तार के प्रावधान से संबंधित सिग्नल एवं दूरसंचार (S&T) कार्य। **अनुमानित लागत मूल्यः** Rs. 6304766.64; **बिड सिक्यूरिटी राशि रूपयेः** Rs. 126100.00; **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समयः** बोली शुरू होने की तारीख 23.01.2026 और निविदा बंद होने की तारीख और समय 06.02.2026 15:30 बजे तक। **नोटः-** अन्य शर्तें रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है।

79-AN/26

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

# अनूपगढ़ में स्कूलों की छुट्टियां बढ़ीं

**अनूपगढ,** जिले में लगातार बढ़ती सर्दी और भीषण शीत लहर को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूलों को लेकर नए निर्देश जारी किए हैं। जिला कलेक्टर डॉ. मंजू द्वारा जारी आदेशों के तहत जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए अवकाश बढ़ा दिया गया है।

जारी आदेशों के अनुसार कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए 14 जनवरी से 15 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया है। यह फैसला छोटे बच्चों को कड़ाके की ठंड और शीत लहर से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से लिया गया है।

वहीं कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए स्कूल संचालन का समय संशोधित किया गया है। अब इन कक्षाओं के स्कूल सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक संचालित होंगे, ताकि विद्यार्थियों को अत्यधिक ठंड में सुबह जल्दी घर से न निकलना पड़े।

जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों के अवकाश के दौरान भी सभी अध्यापकों को नियमित रूप से स्कूल में उपस्थित रहना होगा। इसके साथ ही 15 जनवरी तक निर्धारित सभी परीक्षाएं अपने तय कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित की जाएंगी।

जिला प्रशासन ने साफ शब्दों में कहा है कि यदि कोई भी सरकारी या निजी स्कूल इन आदेशों का पालन नहीं करता है, तो संबंधित संस्था के खिलाफ नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सभी स्कूल संचालकों को निर्देशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## वार्षिकोत्सव मनाया

चूरू, (निसं)। स्थानीय पुरानी सड़क स्थित रूकमानंद कन्हैयालाल मंडावेवाला चैरिटेबल ट्रस्ट शिलांग द्वारा संचालित श्रीराम मंदिर का 42वां वार्षिकोत्सव मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान सोमवार को हरे कृष्णा हरे रामा अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया और मंगलवार को भगवान श्रीराम की भव्य महाआरती की गई। कार्यक्रम में ट्रस्टी जगदीश प्रसाद मंडावेवाला ने पाटोत्सव पूजा की। पुजारी फूसाराम व मुकेश कुमार शर्मा ने विधिवत् पूजा-अर्चना सम्पन्न करवाई। इस दौरान मंदिर परिसर का फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर नागरमल राव, रामगोपाल बहड़, घड़सीराम स्वामी, गोविंद महनसरिया, बनवारी लाल शर्मा, योगेश गौड़, हरिप्रसाद शर्मा, सुरजाराम गुर्जर, कमल सिंह कोठारी, ाौरव सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य जनों ने आरती में भाग लिया।

# पूगल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का हिन्दू सम्मेलन

**पूंगल** । यहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन मंगलवार को कस्बे की श्री महादेव गोशाला में चल रही भागवत कथा के स्थल पर हुआ।

- **विभाग प्रचारक ने हिन्दू संस्कार, संस्कृति के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया**
- **इसी स्थल पर चल रही भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की पूर्णाहुति भी हुई। पंडित किशोर चंद ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डाला।**

सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक विनायक ने सभी हिन्दुओं से एकजुट रहने और मां भारती की सेवा में तत्पर रहने का आव्हान किया।

उन्होंने हिन्दू संस्कार, संस्कृति, खान-पान, रीति-रिवाजों के प्रति सजग रहने और नई पीढ़ी को इसके बारे में जागरूक करने पर जोर दिया।

इसी स्थल पर चल रही भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की पूर्णाहुति भी हुई। पंडित किशोर चंद ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर महादेव गोशाला कमेटी के अध्यक्ष मेघराज सोनी, उपाध्यक्ष प्रकाश ज्याणी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खाजूवाला जिला सह कार्यवाह विजयपाल सिंह, विश्व हिन्दू परिषद के अजय मिढ़ा, पूगल सरपंच सिद्धार्थ सिंह भाटी, जस्सूदान चारण, गोपाल सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष डूंगर राम सैन, नरेंद्र सारण, जुझार सिंह, माणक सिंह, अरविंद वासू और हरखा राम भींचर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे।

**अपील की सुनवाई के लिये नियत दिन की प्रत्यर्थी को सूचना**

**(आदेश 41 के नियम 14)**

**नाम न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम सं. 6 जयपुर महानगर द्वितीय**

**हरीश श्री वास्तव विरूद्ध मनीष श्रीवास्तव व अन्य**

**अपील CRA**

**अपील नं. 85/2023**

**ACJM No. 2 जयपुर द्वितीय के न्यायालय की तारीख 21.09.2023 को...की अपील**

नाम रमा (रामा) सिन्हा पुत्री श्री दयाल बहादुर सिन्हा जाति...स्थान निवासी 5, सिन्धी कॉलोनी झोटवाडा जयपुर वर्तमान निवासी 1E /76 व्यास कॉलोनी बीकानेर राज.

आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में ACJM No.2 जयपुर द्वितीय की डिक्री की अपील अपीलान्ट द्वारा उपस्थित की गई है और इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली गई है और इस अपील की सुनवाई के लिये इस न्यायालय द्वारा ता. 09 माह 02 सन् 2026 नियत की गई है।

यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिये कार्य करने के लिये विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चित की जावेगी।

यह आज तारीख 12 माह 01 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

**वरिष्ठ रीडर**

मोहर अदालत **अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम-06, जयपुर महानगर द्वितीय**

# खनन शिकायतों पर मंत्री अविनाश गहलोत का फूटा गुस्सा

**झुंझुनूं, ( निसं )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री तथा झुंझुनूं जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने अवैध खनन की शिकायतों को लेकर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा-ग्रामीण पिछले 15 दिनों से कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे धरने पर बैठे हैं और आप लोग यहां मलाई खा रहे हो? यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उदयपुरवाटी के ग्राम पंचायत केड में आयोजित जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने मंत्री के समक्ष ग्राम पंचायत बामलास और गुढ़ा बावनी की पहाड़ियों में लगातार हो रहे खनन का मुद्दा उठाया। ग्रामीणों ने बताया कि अवैध खनन के विरोध में वे पिछले 15 दिनों से धरने पर बैठे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

मंत्री गहलोत ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि खनन से जुड़ी सभी शिकायतों की 7 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर भेजी जाए, जिसे मुख्यमंत्री को प्रेषित किया जाएगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि शिकायत लेकर आने वाले ठाामीणों से बातचीत का तरीका सभ्य और सम्मानजनक होना चाहिए, अन्यथा लापरवाही और संवेदनहीनता पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जनसुनवाई में मरूसेना अध्यक्ष एडवोकेट जयन्त मूण्ड, पूर्व सरपंच दारासिंह मेघवंशी और जेपी महला ने बताया कि खनन लीज धारक आवंटित क्षेत्र से कहीं अधिक भूमि पर अवैध रूप से खनन कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गौचर भूमि, चारागाहों और जलाशयों पर खनन का वेस्ट डालकर अवैध कब्जा किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण, पशुपालन और ठाामीण जीवन पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। इस अवसर पर जिला कलेक्टर अरूण गर्ग, रणवीर गुढ़ा, सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

## लोहड़ी का त्योहार उल्लास के साथ मनाया

बिसाऊ। न्यूराजस्थान पब्लिक स्कूल बिसाऊ में पारंपरिक त्योहार लोहडी बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों व शिक्षकों ने मिलकर भारतीय संस्कृति और परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र अलाव प्रज्ज्वलन से हुई। विद्यार्थियों ने अलाव के चारों ओर घूमते हुए पारंपरिक लोकगीत गाए और भांगड़ा व गिद्दा नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। छात्र-छात्राएं पारंपरिक पंजाबी वेशभूषा में सजे हुए थे, जिससे पूरा परिसर उत्सवमय वातावरण से भर गया। सस्था निदेशक डॉ प्रताप सिंह सिहाग ने अपने संबोधन में लोहडी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह त्योहार नई फसल और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का प्रतीक है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं।

# मलबे के ढेर से पाइपलाइन लीक, पेयजल आपूर्ति बाधित

**सूरतगढ़ ।** शहर के कई वार्डों में पिछले पांच दिनों से पेयजल आपूर्ति बाधित रही, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शुरुआत में घरों में पानी का दबाव कम होने को सामान्य समस्या समझा गया, लेकिन लगातार परेशानी बनी रहने पर लोगों ने जलदाय विभाग से शिकायत की।

शिकायत के बाद विभाग ने कार्रवाई करते हुए कर्मचारियों को फॉल्ट का पता लगाने के निर्देश दिए। दो दिनों की गहन खोजबीन के बाद, लीकेज का स्थान हनुमानगढ़ फोरलेन बायपास पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के आगे सड़क किनारे एक गंदे पानी के गड्ढे के पास मिला। बीते दिनों यहां किसी ने पेयजल पाइपलाइन के ऊपर ईंट-पत्थरों के मलने का ढेर लगा दिया था।

इस मलबे के अत्यधिक दबाव के कारण 8 इंच की मुख्य पेयजल पाइपलाइन का जोड़ लीक हो गया था।

- **सूरतगढ़, शहर के कई वार्डों में पिछले पांच दिनों से पेयजल आपूर्ति बाधित होने से लोग परेशान हैं**
- **लीकेज के कारण इन 5 से 7 वार्डों में पेयजल आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई,**

इस लीकेज से लगातार पानी का रिसाव हो रहा था, जिससे पाइपलाइन में पानी का दबाव कम हो गया। यह बूस्टर पाइपलाइन शहर की बसंत विहार, आनंद विहार, संगम विहार कॉलोनियों, सूर्योदयनगरी क्षेत्र, पंचायत समिति एरिया और टेल के अन्य वार्डों में पानी की आपूर्ति करती है। लीकेज के कारण इन 5 से 7 वार्डों में पेयजल आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई, जिससे सैकड़ों परिवारों को कम दबाव या अनियमित पानी की समस्या झेलनी पड़ी।

मंगलवार को विभाग की टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से मिट्टी खोदकर दबी हुई पाइपलाइन को बाहर निकाला और मरम्मत कार्य शुरू किया। पीएचईडी के सहायक अभियंता अजय सहारण ने बताया कि बुधवार से सभी प्रभावित वार्डों में पूरे दबाव के साथ नियमित पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। वहीं, विभाग की इस कार्रवाई से प्रभावित वार्ड ले लोगों ने राहत महसूस की है। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे खुले में गुजर रही पेयजल पाइपलाइनों के ऊपर मलबा न डालें, ताकि भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचा जा सके।

## बच्चों को गर्म स्वेटर व उपहार किए भेंट

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** । भारत विकास परिषद की ओर से सोमवार को स्वामी विवेकानंद जयंती पर स्थानीय शिव कॉलोनी स्थित बाल सेवा सदन में बच्चों को गर्म स्वेटर व उपहार भेंट कर स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई। संस्था सचिव दीपक जाजोदिया ने बताया कि बाल सेवा सदन में मनोज मिश्रा द्वारा स्वामी विवेकानन्द का जीवन परिचय बच्चों के साथ साझा करते हुए।

**कार्यालय नगर पालिका नोहर जिला हनुमानगढ़ (राज.)**

क्रमांक :- निर्माण/विकास/2025-26/8842 दिनांक :- 08.01.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 21/2025-26**

इस कार्यालय द्वारा निम्नांकित कार्यो हेतु सरकारी विभागों के अधिकृत संगठनों के एवं स्थानीय निकाय विभाग में उचित श्रेणी के पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 22.01.2026 को मध्याह्न पूर्व/पश्चात् तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इन निविदा विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा निविदा के प्रपत्रों को डाउनलोड किया जा सकता है, सशर्त निविदा मान्य नही होगी। निविदा का अन्य विवरण निम्न प्रकार है :-

**NIB No.:-DLB2526B0081**

**UBN No.:- DLB2526WSOB29904 to DLB2526WSOB29906, DLB2526WSOB29908, DLB2526WSOB29910, DLB2526WSOB29912, DLB2526WSOB29914 to DLB2526WSOB29916, DLB2526WSOB29918, DLB2526WSOB29920 to DLB2526WSOB29934, DLB2526WSOB29936, DLB2526WSOB29937, DLB2526WSOB29940 (Total Work 28)**

राज.संवाद/सी/25/17590 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी